सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक– 1167 / कु0स0का0 / सि0वि0वि0 / 2026, दिनांक– 27–11–2026

सेवा में,

1. **अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,**
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. **प्रचार्य / प्राचार्या,**
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय– काशी तमिल संगमम (KTS 5.0) के कल दिनांक 28–11–2026 को सुबह 10:00 बजे लाइव प्रसारण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्र संख्या–डिग्री विकास / 2072 / 2026 दिनांक 27–11–2026 (पत्र संलग्न) के क्रम में पत्र के साथ संलग्न लिंक https://anuvadini.aicte.gov.in/kashi / एवं क्यूआर कोड के साथ ही पूर्व निर्गत पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो काशी तमिल संगमम (KTS 5.0) के आयोजन से सम्बन्धित है।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह दिनांक 28–11–2026 को सुबह 10:00 बजे से शुरू होगा, जिसका लाइव प्रसारण कराना सुनिश्चित करें, जिससे काशी तमिल संगमम का वृहद रूप से प्रचार–प्रसार हो और छात्र–छात्राएं तमिल संगमम के आयामों से अवगत हो सकें।

अतः उपरोक्त के संदर्भ में संलग्न पत्र के अनुसार कार्यक्रम का लाइव प्रसारण करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात कार्यक्रम के समापन के उपरान्त आयोजित गतिविधियों का फाटोग्राफी एवं वीडियोंग्राफी करना सुनिश्चित करें, जिससे शासन द्वारा मागे जाने पर उपलब्ध कराया जा सकें।

संलग्नक– यथोपरि।

लिंक https://anuvadini.aicte.gov.in/kashi

27/11/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक– 1167 / तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, समस्त संकाय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. परीक्षा नियंत्रक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

ई – मेल

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक:- डिग्री विकास/ 2072 /2026 – 27 दिनांक – **27/ 11/2026**

विषय –काशी तमिल संगमम (KTS 5.0) के कल दिनांक 28.11.2026 को सुबह 10 बजे लाइव प्रसारण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस पत्र के साथ संलग्न लिंक https://anuvadini.aicte.gov.in/kashi/ एवं क्यूआर कोड के साथ ही पूर्व निर्गत पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो काशी तमिल संगमम (KTS 5.0) के आयोजन से सम्बन्धित है।

अवगत कराना है कि काशी तमिल संगमम 5.0 तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों का उत्सव मनाता है। इसका उद्घाटन समारोह 28 नवंबर 2026 को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथियों (VIPs) के भाषणों का लाइव अनुवाद किया जाएगा, ताकि हर कोई अपनी भाषा में इसे आसानी से समझ सके।

उक्त के सम्बन्ध में आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है इस पत्र के साथ संलग्न लिंक https://anuvadini.aicte.gov.in/kashi/ एवं क्यूआर कोड के माध्यम से प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों (राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय) में उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराना सुनिश्चित करें, जिससे काशी तमिल संगमम का वृहद रूप से प्रचार – प्रसार हो और छात्र – छात्राएं तमिल संगमम के आयामों से अवगत हो सकें।

भवदीय,

संलग्नक – यथोक्त।

27/11/26

डॉ0 (शशि कपूर),
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ 2072-76 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित –

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, वाराणसी, प्रयागराज एवं अयोध्या।
3. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालयों को सूचित कर लाइव प्रसारण कराना सुनिश्चित करें।
4. तकनीकी सहायक को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

27/11/26

डॉ0 (शशि कपूर),
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

शिक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF
EDUCATION
सत्यमेव जयते

काशி தமிழ்சங்கமம்
काशी तमिल संगमम्
KASHI TAMIL SANGAMAM

AI with Human in Loop
Anuvadini
Language | Technology | Scalability

Kashi Tamil Sangamam 5.0

Inauguration · 28 November 2026 · 10:00 AM IST

Watch the live speech translation in various Indian languages

anuvadini.aicte.gov.in/kashi

Scan the QR code or open the link on your phone

Live translation by Anuvadini AI, Ministry of Education, GoI